INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Lesson -8-‘ Vh Chidiya Jo	Topic: Questions , answers and word meanings.	Note: Pl. write in your note book

पाठ - 8 - वह चिड़िया जो ।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न 1- यह कविता चिड़िया के माध्यम से क्या सीख देत देती है ?

उत्तर - यह कविता चिड़िया के माध्यम से प्रेम और उमंग से जीने की सीख देती है|

प्रश्न 2 - चिड़िया किसकी खातिर गाती है ?

उत्तर - चिड़िया बूढ़े वन-बाबा के खातिर गाती है |

प्रश्न 3 - चिड़िया के पंख कैसे हैं ?

उत्तर - चिड़िया के पंख नीले हैं |

प्रश्न 4- चिड़िया कौन से मोती ले जाती है ?

उत्तर - चिड़िया जल के मोती ले जाती है |

प्रश्न 5 - चिड़िया कैसे गाती है ?

उत्तर - चिड़िया कंठ खोलकर गाती है |

लघु उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न 6 - चिड़िया को किससे प्यार है और क्यों ?

उत्तर-चिड़िया को अन्न से प्यार है | वह दूधिया एवं अधपके जुंडी के दाने बड़े चाव से खाती है | उसे विजन से प्यार है , वह एकांत वन में मधुर स्वर में गाती है |उसे नदी से प्यार है |वह नदी की बीच धारा से जल की बूँदें चोंच में लेकर उड़ जाती है |

प्रश्न 7 - कविता में कैसी चिड़िया का वर्णन है?

उत्तर- कविता में नीले पंखों वाली छोटी सी चिड़िया का वर्णन है | वह संतोषी है| थोड़ा अन्न उसके काफ़ी हैं | वह मुहँबोली है | उसे एकांत पसंद है | अपने साहस पर उसे गर्व है |

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न 8 - कविता के अनुसार चिड़िया का कैसा चित्र आपके मन में उभरता है?

उत्तर- 'वह चिड़िया जो' कविता को पढ़कर हमारे मन में यह चित्र मन में उभरता है-

i चिड़िया के पंख चमकीले ,नीले और सुंदर हैं |

ii चिड़िया का आकार छोटा है |

iii वह जंगल में गीत गाती है |

iv वह खेतों में अन्न खाती है |

v वह नदी का पानी पीती है |

प्रश्न 9 - चिड़िया ने स्वयं को गर्वीली क्यों कहा है ?

उत्तर- चिड़िया ने स्वयं को गर्वीली इसलिए कहा है क्योंकि वह जंगल में अकेली रहकर अपना जीवन व्यतीत करती है उसे एकांत पसंद है | वह स्वयं ही अपना भोजन जुटाने निकल पड़ती है | जब उसे प्यास लगती है तब वह तीव्र वेग वाली नदी से जल भरकर पीती है | वह अपनी सारी आवश्यकताएँ स्वयं ही पूरी कर लेती है |

शब्दार्थ

1- जुंडी - ज्वार - बाजरे की बालियाँ - Maize - millet
2- रस –स्वाद taste
3- संतोषी- धीरजवाली - patience
4- अन्न - अनाज- grain
5- कंठ - गला -throat
6- वन –जंगल –forest,
7- रस उँडेलकर - बहुत ही मीठे स्वर में, in a very sweet voice
8- विजन - एकांत , सुनसान - lonely - a quiet place
9- चढ़ी नदी - उफ़नती हुई नदी - जल से भरी हुई नदी , flooded river
10- टटोलकर - खोजकर in the search of
11- गरबीली-गर्वीली , proudly

****